TEACHERS adda247

DO NOT OPEN THE SEAL OF THE BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO
इस पुस्तिका की सील तब तक न खोले जब तक कहा न जाए

A

JDD-40/TGT-HINDI/X-14

Serial No. 602797

POST CODE / पोस्ट कोड : 108/12,109/12,6/13,7/13

Write here Roll number and Answer-Sheet No.
यहाँ क्रमांक एवं उत्तर-पत्रिका संख्या लिखें

Roll No./ अनुक्रमांक

Answer-Sheet No./ उत्तर-पत्रिका संख्या

Time Allowed : 2 hours | OBJECTIVE TYPE ONE-TIER EXAMINATION | Maximum Marks : 200
निर्धारित समय : 2 घंटे | वस्तुनिष्ठ वन-टियर परीक्षा | अधिकतम अंक : 200

Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.
प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।

IMPORTANT INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. This Booklet contains 200 questions in all comprising the following Sections :

Sections	Test Components	No. of Questions	Page No.
(A) i)	General Awareness	20	4 – 7
ii)	General Intelligence and Reasoning Ability	20	8 – 11
iii)	Arithmetical and Numerical Ability	20	12 – 15
iv)	Test of Language : Hindi	20	16 – 17
v)	Test of Language : English	20	18 – 19
(B)	Post Specific Subject-Related Questions	100	20 – 31

2. All questions are compulsory and carry equal marks.
3. **The paper carries negative markings. For each wrong answer 0.25 mark will be deducted.**
4. In case of any discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the English version will be treated as final/authentic.
5. OMR Answer-Sheet is enclosed in this Booklet. You must complete the details of **Roll Number, Question Booklet No., etc.,** on the Answer-Sheet and Answer-Sheet No. on the space provided above in this Question Booklet, before you actually start answering the questions, failing which your Answer-Sheet will not be evaluated and you will be awarded 'ZERO' mark.
6. You must not tear off or remove any sheet from this Booklet. The Answer-Sheet must be handed over to the Invigilator before you leave the Examination Hall.
7. Use of Calculator/Palmtop/Laptop/Other Digital Instrument/ Mobile/Cell Phone/Pager is **not** allowed.
8. Candidates found guilty of misconduct/using unfair means in the Examination Hall will be liable for appropriate penal/legal action.
9. The manner in which different questions are to be answered has been explained at the back of this Booklet, which you should read carefully before actually answering the questions.
10. **No Rough Work is to be done on the Answer-Sheet.**

उम्मीदवारों के लिए महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस पुस्तिका में कुल 200 प्रश्न है, जिनमें निम्नलिखित भाग शामिल है :

भाग	परीक्षण विषय	प्रश्नों की संख्या	पृष्ठ क्रमांक
(अ) i)	सामान्य जानकारी	20	4 – 7
ii)	सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तार्किक योग्यता	20	8 – 11
iii)	अंकगणितीय एवं संख्यात्मक योग्यता	20	12 – 15
iv)	भाषा परीक्षण : हिन्दी	20	16 – 17
v)	भाषा परीक्षण : अंग्रेजी	20	18 – 19
(ब)	पोस्ट स्पेसिफिक विषय – संबंधी प्रश्न	100	20 – 31

2. सभी प्रश्न अनिवार्य है तथा सबके बराबर अंक है ।
3. **प्रश्न पत्र में नकारात्मक अंकन होगा । हर गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जायेगा ।**
4. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद में कोई अंतर है, तो अंग्रेजी अनुवाद को ही सही समझा जायेगा ।
5. इस उत्तर-पुस्तिका में ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका संलग्न है । प्रश्नों के उत्तर वास्तव में शुरू करने से पहले आप उत्तर-पत्रिका में अपना **रोल नम्बर, प्रश्न पुस्तिका संख्या, इत्यादि** तथा इस प्रश्न पुस्तिका में उपरोक्त दिए गए स्थान पर उत्तर-पत्रिका की संख्या लिखें । अन्यथा आपकी उत्तर-पत्रिका को जाँचा नहीं जायेगा और शून्य अंक दिया जायेगा ।
6. इस पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है । परीक्षा-भवन छोड़ने से पहले उत्तर-पत्रिका निरीक्षक के हवाले कर दें ।
7. कैलकुलेटर/पामटॉप/लैपटॉप/अन्य डिजिटल उपकरण/मोबाइल/ सेल फोन/पेजर का उपयोग **वर्जित** है ।
8. परीक्षा-भवन में अनुचित व्यवहार एवं कार्य के लिए दोषी पाये गये अभ्यर्थी युक्तिसंगत दंडनीय/वैधानिक कार्यवाही के पात्र होंगे ।
9. विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देने की विधि इस पुस्तिका के पीछे छपे हुए निर्देशों में दे दी गई है, इसे आप प्रश्नों के उत्तर देने से पहले ध्यानपूर्वक पढ़ लें ।
10. **कोई रफ कार्य उत्तर-पत्रिका पर नहीं करना है ।**

Go through instructions given in Page No. 32 (Back Cover Page)

SECTION – A

i) General Awareness

1. Brahmo Samaj was founded by
   (A) Raja Ram Mohan Roy
   (B) David Hare
   (C) Dayananda Saraswathi
   (D) Dadabhai Naoroji

2. The Union Government is in the process of constituting a new Education Commission under the chairmanship of Prof. Andre Betille to draft the third National Education Policy. When was the first Education Policy introduced under the Indira Gandhi Government ?
   (A) 1978
   (B) 1986
   (C) 1968
   (D) 1980

3. Dada Saheb Phalke Award is given for outstanding contribution in the field of
   (A) Cinema
   (B) Literature
   (C) Music
   (D) Medicine

4. Where was 16th NAM Summit held ?
   (A) Tehran
   (B) Kolkatta
   (C) Bagdad
   (D) Cairo

5. The leading producer of silver is
   (A) USA
   (B) USSR
   (C) Mexico
   (D) South Africa

6. Under which Article of the Indian Constitution, each Constituent State of the Union should have a Public Service Commission ?
   (A) Article 315 (B) Article 215
   (C) Article 305 (D) Article 205

7. Which is the richest temple in India ?
   (A) Shirdi Sai Baba temple
   (B) Balaji Temple of Tirupathi
   (C) Padmanabha Swamy temple of Thiruvananthapuram
   (D) Jagannatha temple of Puri

8. Which of the following is a block mountain ?
   (A) Alps (B) Vosges
   (C) Rocky (D) Andes

9. Who clinched the Bronze Medal in the 51kg Fly category in London Olympics 2012 in boxing ?
   (A) Gagan Narang
   (B) Vijay Kumar
   (C) M.C. Mary Kom
   (D) Saina Nehwal

10. What is the name of the Former IAF Chief who is examined by CBI in connection with the alleged bribes paid by Italian firm to clinch the Rs. 3,600 crore contract for supply of 12 VVIP helicopters to India ?
    (A) S. P. Tyagi
    (B) V. K. Tyagi
    (C) B. P. Tyagi
    (D) V. P. Tyagi

भाग – अ

i) सामान्य जानकारी

1. ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन थे ?
   (A) राजा राम मोहन राय
   (B) डेविड हरे
   (C) दयानंद सरस्वती
   (D) दादाभाई नवरौजी

2. केंद्र सरकार तीसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने के लिए प्रो. आंद्रे बिटाइल की अध्यक्षता में एक नए शिक्षा आयोग का गठन करने की प्रक्रिया में है। इंदिरा गांधी सरकार के तहत पहली शिक्षा नीति कब पेश की गई थी ?
   (A) 1978
   (B) 1986
   (C) 1968
   (D) 1980

3. किस क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया जाता है ?
   (A) सिनेमा
   (B) साहित्य
   (C) संगीत
   (D) चिकित्सा

4. 16 वें गुटनिरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया था ?
   (A) तेहरान
   (B) कोलकाता
   (C) बगदाद
   (D) काइरो

5. चांदी के अग्रणी निर्माता हैं
   (A) संयुक्त राज्य अमेरिका
   (B) सोवियत संघ
   (C) मेक्सिको
   (D) दक्षिण अफ्रीका

6. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत, संघ के प्रत्येक संघटित राज्य में लोक सेवा आयोग होना चाहिए ?
   (A) अनुच्छेद 315
   (B) अनुच्छेद 215
   (C) अनुच्छेद 305
   (D) अनुच्छेद 205

7. भारत का सबसे धनी मंदिर कौन सा है ?
   (A) शिरडी साईं बाबा मंदिर
   (B) तिरुपति बालाजी मंदिर
   (C) तिरुवनंतपुरम के पद्मनाभ स्वामी मंदिर
   (D) जगन्नाथ पुरी मंदिर

8. निम्न में से कौनसा एक ब्लॉक पर्वत हैं ?
   (A) आल्प्स
   (B) वोसगेस
   (C) रॉकी
   (D) एंडेस

9. किसने मुक्केबाजी में लंदन ओलंपिक 2012 में 51 किलो फ्लाई वर्ग में कांस्य पदक जीता है ?
   (A) गगन नारंग
   (B) विजय कुमार
   (C) एम.सी. मेरी कॉम
   (D) सायना नेहवाल

10. किस पूर्व भारतीय वायु सेना प्रमुख को भारत में 12 वीवीआईपी हेलीकाप्टरों की आपूर्ति करने के लिए 3,600 करोड़ के अनुबंध को छिपाने के लिए इटालियन फर्म से रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई द्वारा जांचा गया है ?
   (A) एस. पी. त्यागी
   (B) वी. के. त्यागी
   (C) बी. पी. त्यागी
   (D) वी. पी. त्यागी

TEACHERS adda247

11. CAG has made serious observations on the gross misuse of the agricultural debt waiver and debt relief schemes. Expansion of CAG is _____
(A) Controller and Auditor General
(B) Controler and Auditer General
(C) Comptroller and Auditor General
(D) Comtroller and Auditor General

12. Which of the following introduced a measure of provincial autonomy ?
(A) Minto-Morley reforms
(B) Montague-Chelmsford reforms
(C) Cripp's mission
(D) Govt. of India Act, 1935

13. Expand ISRO.
(A) Indian Science Research Organisation
(B) Indian Space Research Organisation
(C) Indian Scientific Research Organisation
(D) Image Sensing Research Organisation

14. God Particle spotted on 4-7-2012 is also called _____
(A) Higgs boson
(B) Higgs bosom
(C) Higgs basan
(D) Higgis boson

15. Quit India Movement was launched in response to
(A) Cabinet Mission Plan
(B) Cripps Proposals
(C) Simon Commission Report
(D) Wavell Plan

16. The period of which Five Year Plan is 2012-2017 ?
(A) Twelfth
(B) Eleventh
(C) Thirteenth
(D) Tenth

17. No money bill can be introduced in the legislative assembly without the recommendations of the
(A) Speaker
(B) Governor
(C) Chief Minister
(D) Finance Minister

18. Articles 149 and 150 of the Indian Constitution deal with
(A) Powers and functions of the Governor of a state
(B) Powers and functions of the President of India
(C) Comptroller and Auditor General
(D) Election Commission

19. In the Constitution of India, the word 'Federal' is used in _____
(A) The Preamble
(B) Part III
(C) Article 368
(D) No where

20. Who is the Head of The Economic Advisory Council to the Prime Minister at present ?
(A) Dr. C. Rangarajan
(B) Sri Subba Rao
(C) P. Chidambaram
(D) Montek Ahluwalia

A

11. CAG ने कृषि ऋण माफी और ऋण की राहत योजनाओं के सकल दुरुपयोग पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। CAG की विस्तार रूप है _____
(A) Controller and Auditor General
(B) Controler and Auditer General
(C) Comptroller and Auditor General
(D) Comtroller and Auditor General

12. निम्न में से कौनसा एक प्रांतीय स्वायत्तता के उपाय का परिचय देता है ?
(A) मिंटो – मॉरले सुधार
(B) मोंटेग – चेम्सफोर्ड सुधार
(C) क्रिप्स मिशन
(D) भारतीय सरकार अधिनियम, 1935

13. ISRO का विस्तार करें
(A) Indian Science Research Organisation
(B) Indian Space Research Organisation
(C) Indian Scientific Research Organisation
(D) Image Sensing Research Organisation

14. 4-7-2012 को देखे गए गोड पार्टिकल्स को _____भी कहा जाता है।
(A) हिग्स बोसॉन
(B) हिग्स बोसॉम
(C) हिग्स बसान
(D) हिगिस बोसॉन

15. इसकी प्रतिक्रिया के लिए भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ
(A) केबिनेट मिशन योजना
(B) क्रिप्स् का प्रस्ताव
(C) सायमन कमिशन की रिपोर्ट
(D) वावेल योजना

16. किस पंचवर्षीय योजना की अवधि 2012-17 है ?
(A) बारहवीं
(B) ग्यारहवीं
(C) तेरहवीं
(D) दसवीं

17. नो मनी बिल को किसकी अनुशंसा के बिना विधान सभा में पेश किया जा सकता है ?
(A) अध्यक्ष
(B) गवर्नर
(C) मुख्यमंत्री
(D) वित्त मंत्री

18. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 149 और 150 किससे सम्बंधित है ?
(A) किसी राज्य के राज्यपाल के अधिकारों और दायित्वों से
(B) भारत के राष्ट्रपति के अधिकारों और दायित्वों से
(C) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से
(D) निर्वाचन आयोग से

19. भारतीय संविधान में, 'संघीय' शब्द का प्रयोग _____ में किया जाता है।
(A) प्रस्तावना
(B) भाग III
(C) अनुच्छेद 368
(D) कही नहीं

20. वर्तमान में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के प्रमुख कौन है ?
(A) डॉ. सी. रंगराजन
(B) श्री सुब्बा राव
(C) पी. चिदंबरम
(D) मोंटेक अहलूवालिया

TEACHERS adda247

SEAL

ii) General Intelligence and Reasoning Ability

21. How many 9's are there in the following sequence which are preceded by 6, but not immediately followed by 3 ?

6 9 3 7 6 9 6 3 9 6 4 6 9 4 7 6 6 6 9 3 6 9 7 6 9 2 9 6

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

22. Three of the following four are alike in a certain way and so form a group. Which is the one that does not belong to the group ?

(A) 9 (B) 10
(C) 16 (D) 25

23. Three of the following four are alike in a certain way and so form a group. Which is the one that does not belong to the group ?

(A) Tower (B) Seed
(C) Leaf (D) Flower

24. If '+' means '×', '–' means '÷', '×' means '–' and '÷' means '+', then $9 + 8 \div 8 - 4 \times 9 = ?$

(A) 26 (B) 17
(C) 65 (D) 11

25. Good is related to Bad, in the same way as Rich is related to _____

(A) Floor (B) Wall
(C) Poor (D) Terrace

26. Oval is related to circle in the same way as rectangle is related to _____

(A) Triangle (B) Square
(C) Diagonal (D) Pentagon

27. In a certain code language PARENTS is written as RCTGPVU. How is CHILDREN written in that code ?

(A) EJKNFHTP
(B) EJKNFTPG
(C) EJKNFTHG
(D) EJKNFTGP

28. Vipin is taller than Ramlal who is shorter than Ahmed. Mohinder is taller than Sheikh but shorter than Ramlal. Ahmed is shorter than Vipin. Who is the shortest ?

(A) Vipin (B) Ahmed
(C) Sheikh (D) Ramlal

Direction (29-32) : In each question below are given two statements followed by conclusions I and II. Consider the two conclusions together and then decide which of the given conclusions logically follows from the two given statements disregarding commonly known facts. Give answer

(A) if only conclusion I follows
(B) if only conclusion II follows
(C) if either I or II follows
(D) if neither I nor II follows

29. Statements : All pencils are pens. No pen is a book.

Conclusions :
I) No pencil is a book.
II) Some pens are pencils.

30. Statements : Some rats are rabbits. All rats are mosquitoes.

Conclusions :
I) Some mosquitoes are rabbits.
II) No rabbit is a mosquito.

31. Statements : All fans are cups. All cups are pillows.

Conclusions :
I) All fans are pillows.
II) All pillows are fans.

TEACHERS adda247

A

ii) सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तार्किक योग्यता

21. निम्न क्रम में कितने 9 है जो 6 से पहले हैं, परन्तु 3 के तुरंत बाद नहीं है ?
6 9 3 7 6 9 6 3 9 6 4 6 9 4 7 6 6 6 9 3 6 9 7 6 9 2 9 6
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

22. निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और एक समूह बनाते हैं। उनमें से कौनसा एक समूह से संबंधित नहीं है ?
(A) 9 (B) 10
(C) 16 (D) 25

23. निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और एक समूह बनाते हैं। उनमें से कौनसा एक समूह से संबंधित नहीं है ?
(A) टावर (B) बीज
(C) पत्ता (D) फूल

24. यदि '+' का अर्थ '×' है, '–' का अर्थ '÷' है, '×' का अर्थ '–' है और '÷' का अर्थ '+', है, तो
9+8 ÷ 8–4×9=?
(A) 26 (B) 17
(C) 65 (D) 11

25. जिस प्रकार अच्छे और बूरे का सबन्ध है असीप्रकार अमीर का सम्बन्ध है
(A) ज़मीन (B) दीवार
(C) गरीब (D) छत

26. ओवल, वृत्त से संबंधित है, उसी तरह आयत _____ से संबंधित है।
(A) त्रिभुज (B) वर्ग/स्क्वायर
(C) विकर्ण (D) पंचभुज

27. एक खास कोड भाषा में PARENTS को RCTGPVU लिखा जाता है। उसी कोड में CHILDREN को कैसे लिखा जाएगा ?
(A) EJKNFHTP
(B) EJKNFTPG
(C) EJKNFTHG
(D) EJKNFTGP

28. विपिन, रामलाल से लम्बा है और रामलाल, अहमद से छोटा है। मोहिंदर, शेख से लम्बा है परन्तु रामलाल से छोटा है। अहमद, विपिन से छोटा है। सबसे छोटा कौन है ?
(A) विपिन
(B) अहमद
(C) शेख
(D) रामलाल

दिशा निर्देश (29-32) : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दो कथनों के बाद निष्कर्ष I और II दिया गया है। एक साथ दोनों निष्कर्षों पर विचार करें और फिर तय करें कि दिया गया कौनसा निष्कर्ष, सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से असम्बंधित दोनों कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है। उत्तर दें
(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(C) निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(D) न ही निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

29. कथन : सभी पेंसिलें पेन है। कोई भी पेन किताब नहीं है।
निष्कर्ष :
I) कोई भी पेंसिल किताब नहीं है।
II) कुछ पेन पेंसिल हैं।

30. कथन : कुछ चूहे खरगोश हैं। सभी चूहे मच्छर हैं।
निष्कर्ष :
I) कुछ मच्छर खरगोश हैं।
II) कोई भी खरगोश मच्छर नहीं है।

31. कथन : सभी पंखे कप हैं। सभी कप तकिए हैं।
निष्कर्ष :
I) सभी पंखे तकिए हैं।
II) सभी तकिए पंखे हैं।

TEACHERS adda247

32. Statements : Roma is brilliant. Roma is a woman.
Conclusions :
I) Women are brilliant.
II) Roma is brilliant because she is a woman.

33. Choose the one which does not belong to the group of the other three
(A) Trouble
(B) Mend
(C) Repair
(D) Rectify

Directions : (34 to 36) :
In each question below are given two statements followed by two conclusions numbered I and II. Take the two statements to be true even if they seem to be at variance from commonly known facts and then decide which of the given conclusions logically follows from the two given statements disregarding commonly known facts. Give answer
(A) if only conclusion I follows
(B) if only conclusion II follows
(C) if both I and II follows
(D) if neither I nor II follows

34. Statements : All pencils are bricks. All bricks are bottles.
Conclusions :
I) Some bricks are pencils.
II) Some bottles are bricks.

35. Statements : All pencils are bricks. All bricks are bottles.
Conclusions :
I) All pencils are bottles.
II) All bricks are pencils.

36. Statements : Some trees are horses. Biscuit is a tree.
Conclusions :
I) All biscuits are not horses.
II) Some horses are trees.

37. If '÷' means '+', '–' means '÷', '×' means '–' and '+' means '×', then $2 \div 8 - 4 \times 12 + 4 = ?$
(A) 12
(B) – 44
(C) 40
(D) None of these

Directions : (38 to 40) :
Study the following information carefully and answer the given questions.
A, B, C, D, E, F, G and H are sitting around a circular table facing the centre.
a) B sits third to the right of F.
b) A sits second to the right of D. D is not an immediate neighbour of B and F.
c) C and E are immediate neighbours of each other.
d) H is not an immediate neighbour of A.
e) No one sits between C and F.

38. Who sits to the immediate left of B ?
(A) H (B) G
(C) A (D) E

39. Who amongst the following sits between G and F ?
(A) A (B) C
(C) E (D) H

40. What is the position of D with respect to E in the above arrangement ?
(A) Fourth to the left
(B) Third to the right
(C) Second to the right
(D) Fourth to the right

A

32. कथन : रोमा बुद्धिमान है। रोमा एक औरत है।

निष्कर्ष :

I) महिलाएं बुद्धिमान होती हैं।

II) रोमा बुद्धिमान है, क्योंकि वह एक महिला है।

33. बाकी तीन के समूह से सम्बन्ध न रखने वाले का चयन कीजिए।

(A) परेशान करना
(B) ठीक करना
(C) मरम्मत करना
(D) सुधारना

दिशा निर्देश (34 से 36) : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दो कथनों के बाद निष्कर्ष I और II दिया गया है। दोनों कथनों को सच मान लें भले ही वे ज्ञात तथ्यों से भिन्न लगे और फिर तय करें कि दिया गया कौन सा निष्कर्ष, सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से असम्बंधित दोनों कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है। उत्तर दें

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते है
(D) न ही निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

34. कथन : सभी पेंसिलें ईंटें हैं। सभी ईंटें बोतलें हैं।

निष्कर्ष :

I) कुछ ईंटें पेंसिलें हैं।

II) कुछ बोतलें ईंटें हैं।

35. कथन : सभी पेंसिलें ईंटें हैं। सभी ईंटें बोतलें हैं।

निष्कर्ष :

I) सभी पेंसिलें बोतलें हैं।

II) सभी ईंटें पेंसिलें हैं।

36. कथन : कुछ पेड़ घोड़े होते हैं। बिस्कीट पेड़ है।

निष्कर्ष :

I) सभी बिस्कीट पेड़ नहीं होते।

II) कुछ घोड़े पेड़ होते हैं।

37. यदि '÷' का अर्थ '+' है, '–' का अर्थ '÷' है, '×' का अर्थ '–' है और '+' का अर्थ '×' है, तो $2 \div 8 - 4 \times 12 + 4 = ?$

(A) 12
(B) – 44
(C) 40
(D) इसमें से कोई नहीं

दिशा निर्देश (38 से 40) : निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

A, B, C, D, E, F, G और H सेंटर की ओर मुंह करके वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं।

a) B, F के दांयी ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
b) A, D के दांयी ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, B और F के निकटतम पड़ोस में नहीं बैठा है।
c) C और E एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं।
d) H, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
e) C और F के बीच कोई नहीं बैठा है।

38. B के ठीक बांई ओर कौन बैठा है ?

(A) H
(B) G
(C) A
(D) E

39. निम्न में से कौन G और F के बीच में बैठा है ?

(A) A (B) C
(C) E (D) H

40. उपरोक्त बैठने की व्यवस्था में E के सम्बंध में D का स्थान क्या है ?

(A) बांयी ओर से चौथा स्थान
(B) दांयी ओर से तीसरा स्थान
(C) दांयी ओर से दूसरा स्थान
(D) दांयी ओर से चौथा स्थान

iii) Arithmetical and Numerical Ability

41. How many cubic metres of earth must be poured to close a pit 35 metres deep and 4 metres in diameter ?
(A) 880 m^3 (B) 800 m^3
(C) 440 m^3 (D) 660 m^3

42. A merchant marks his ware 40% more than the cost price and allows 20% discount. What is his profit ?
(A) 20%
(B) 12%
(C) 18%
(D) 14%

43. If 25% of the number of teachers in University-C is female, who are 50 in number what is the number of male teachers in University-C ?
(A) 150
(B) 160
(C) 170
(D) 180

44. The dimensions of the rectangular garden are 50 m × 40 m. A path of 1m width surrounds the garden. What is the cost of levelling the path at ₹ 20 per m^2 ?
(A) ₹ 3,680 (B) ₹ 2,000
(C) ₹ 2,500 (D) ₹ 3,860

45. P : Q = 5 : 3, R : Q = 5 : 4 , P : Q : R = ?
(A) 5 : 3 : 4
(B) 3 : 4 : 5
(C) 20 : 12 : 15
(D) 15 : 20 : 12

46. A sum amounts to ₹ 5,700 in 2 years and ₹ 6,050 in 3 years. Find the principal and the rate of interest.
(A) ₹ 5,000, 7%
(B) ₹ 5,300, 5%
(C) ₹ 4,800, 8%
(D) ₹ 4,500, 10%

47. Six eleventh of a certain number exceeds its five twelfth by 17. Find the number.
(A) 231 (B) 312
(C) 123 (D) 132

48. A man cycles west 3 km, then goes North 4 km. How far is he from the starting point ?
(A) 5 km (B) 6 km
(C) $4\frac{1}{2}$ km (D) 7 km

49. $\frac{97^2 - 3^2}{97 - 3} = ?$
(A) 200 (B) 94
(C) 100 (D) 110

50. What will be the income tax payable by a person getting a taxable income of ₹ 30,000 during the year, if the first 18,000 is not taxable and the tax rates are 25% upto an income of ₹ 25,000 and 30% above ₹ 25,000 ?
(A) ₹ 3,500 (B) ₹ 3,250
(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 3,750

TEACHERS adda247

A

iii) अंकगणितीय एवं संख्यात्मक योग्यता

41. 35 मीटर गहरे और 4 मीटर व्यास वाले गड्ढे को बंद करने के लिए पृथ्वी के कितने घन मीटर को भरना चाहिए ?

(A) 880 मी^{3} (B) 800 मी^{3}

(C) 440 मी^{3} (D) 660 मी^{3}

42. एक व्यापारी अपने विक्रय मूल्य को लागत मूल्य से 40% अधिक अंकित करता है और उस पर 20% की छूट देता है। उसका लाभ क्या है ?

(A) 20%

(B) 12%

(C) 18%

(D) 14%

43. C विद्यापीठ के शिक्षकों में से यदि 25% संख्या महिलायों की है जो कूल 50 है, तो C विद्यापीठ के पुरुष शिक्षकों की संख्या है

(A) 150

(B) 160

(C) 170

(D) 180

44. आयताकार उद्यान के आयाम 50 मी. × 40 मी. हैं। उद्यान के चारों ओर 1मी. चौड़ा रास्ता है। ₹ 20 प्रति मी^{2} पर रास्ते के समतलन/लेवलिंग की लागत क्या होगी ?

(A) ₹ 3,680 (B) ₹ 2,000

(C) ₹ 2,500 (D) ₹ 3,860

45. P : Q = 5 : 3, R : Q = 5 : 4, P : Q : R = ?

(A) 5 : 3 : 4

(B) 3 : 4 : 5

(C) 20 : 12 : 15

(D) 15 : 20 : 12

46. 2 वर्षों में कुल राशि ₹ 5,700 और 3 वर्षों में ₹ 6,050 है। मूलधन और ब्याज दर ज्ञात करें।

(A) ₹ 5,000, 7%

(B) ₹ 5,300, 5%

(C) ₹ 4,800, 8%

(D) ₹ 4,500, 10%

47. एक निश्चित संख्या का $\frac{6}{11}$ इसके $\frac{5}{12}$ से 17 अधिक है। संख्या ज्ञात करें.

(A) 231 (B) 312

(C) 123 (D) 132

48. एक आदमी पश्चिम में 3 कि.मी. तक साइकिल चलाता है, फिर उत्तर की ओर 4 कि.मी. जाता है। वह अपने शुरुआती बिंदू से कितनी दूर है ?

(A) 5 कि.मी. (B) 6 कि.मी.

(C) $4\frac{1}{2}$ कि.मी. (D) 7 कि.मी.

49. $\frac{97^2 - 3^2}{97 - 3} = ?$

(A) 200 (B) 94

(C) 100 (D) 110

50. यदि पहले ₹ 18,000 कर योग्य नहीं है और ₹25,000 तक की आय पर कर की दर 25% है और ₹ 25,000 से ऊपर कर की दर 30% है, तो वर्ष के दौरान ₹30,000 की कर योग्य आय पर एक व्यक्ति के लिए कितना कर देय होगा ?

(A) ₹ 3,500 (B) ₹ 3,250

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 3,750

51. John travels from P to Q at a speed of 5 km/h and returns to P at a speed of 4 km/h. If the distance between P and Q is 20 km, what is his average speed ?
(A) 4.5 km/h
(B) 5.5 km/h
(C) $4\frac{2}{9}$ km/h
(D) $4\frac{4}{9}$ km/h

52. 16% of ? = 88
(A) 5,500
(B) 550
(C) 176
(D) 1,760

53. $\frac{\sqrt{196}}{7} \times \frac{\sqrt{900}}{?} = 4$
(A) 15
(B) 150
(C) 56
(D) 12

54. How many $\frac{1}{8}$'s are there in $37\frac{1}{2}$?
(A) 400
(B) 450
(C) 300
(D) 350

55. 10 workers take 15 days to complete a work if they work 8 hours/day. How many days are needed to complete the same work if 15 workers work 5 hours/day ?
(A) 13 (B) 14
(C) 15 (D) 16

56. Face value of a share is ₹ 25. It is sold at a premium of ₹ 5. How many shares can be bought by investing ₹ 30,000 ?
(A) 3,000
(B) 300
(C) 100
(D) 1,000

57. In a class 30 students speak Hindi. 35 students speak English. 10 students speak both Hindi and English. If the students of this class speak only these two languages, how many students are there in the class ?
(A) 55
(B) 75
(C) 45
(D) 65

58. The ratio of the radii of two circles is 3 : 5. What is the ratio of their areas ?
(A) 9 : 25
(B) 6 : 10
(C) 9 : 15
(D) 25 : 12

59. If simple interest and compound interest for 2 years are ₹ 500 and ₹ 545, what is the rate of interest ?
(A) 15%
(B) 10%
(C) 18%
(D) 11%

60. The sum of the present ages of a son and a father is 60 years. Six years ago, the father's age was twice his son's present age. What is the present age of the father ?
(A) 40 years
(B) 42 years
(C) 45 years
(D) 48 years

TEACHERS adda247

A

51. जॉन P से Q तक 5 कि.मी./घंटा की गति से यात्रा करता है और 4 कि.मी./घंटा की गति से P तक वापिस आता है। यदि P और Q के बीच की दूरी 20 कि.मी. है, तो उसकी औसत गति क्या है ?

(A) 4.5 कि.मी./घंटा

(B) 5.5 कि.मी./घंटा

(C) $4\frac{2}{9}$ कि.मी./घंटा

(D) $4\frac{4}{9}$ कि.मी./घंटा

52. 16% of ? = 88

(A) 5,500 (B) 550

(C) 176 (D) 1,760

53. $\frac{\sqrt{196}}{7} \times \frac{\sqrt{900}}{?} = 4$

(A) 15 (B) 150

(C) 56 (D) 12

54. $37\frac{1}{2}$ में कितने $\frac{1}{8}$ हैं ?

(A) 400 (B) 450

(C) 300 (D) 350

55. यदि 10 मजदूर 8 घंटे/दिन काम करें तो वे एक काम को 15 दिनों में पूरा करते हैं। यदि 15 मजदूर 5 घंटे/दिन काम करें, तो वे उसी काम को कितने दिनों में पूरा करेंगे ?

(A) 13 (B) 14

(C) 15 (D) 16

56. एक शेयर का अंकित मूल्य ₹ 25 है। इसे ₹ 5 के प्रीमियम पर बेचा जाता है। ₹ 30,000 निवेश करके कितने शेयर खरीदे जा सकते हैं ?

(A) 3,000 (B) 300

(C) 100 (D) 1,000

57. एक कक्षा में 30 छात्र हिंदी बोलते हैं। 35 छात्र अंग्रेजी बोलते हैं। 10 छात्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों बालते हैं। यदि इस कक्षा के छात्र केवल यही दो भाषाएं बोलते है, तो कक्षा में कुल कितने छात्र हैं ?

(A) 55 (B) 75

(C) 45 (D) 65

58. दो वृत्तों की त्रिज्याओं का अनुपात 3 : 5 है। उनके क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा ?

(A) 9 : 25 (B) 6 : 10

(C) 9 : 15 (D) 25 : 12

59. यदि 2 वर्षों के लिए साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 500 और ₹ 545 है, तो ब्याज दर क्या है ?

(A) 15%

(B) 10%

(C) 18%

(D) 11%

60. पुत्र और पिता की वर्तमान आयु का योग 60 वर्ष है। छह साल पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु से दोगुनी थी। पिता की वर्तमान आयु क्या है ?

(A) 40 वर्ष (B) 42 वर्ष

(C) 45 वर्ष (D) 48 वर्ष

TEACHERS adda247

iv) Test of Language : Hindi
भाषा परीक्षण : हिन्दी

नीचे दिये गये प्र. **61** से प्र. **63** शब्दों का समानार्थक रूप लिखिए।

61. अंधकार
(A) अंधा (B) अँधेरा
(C) आसमान (D) धूप

62. कोयल
(A) कोकिला (B) कुबेर
(C) कुशल (D) कुटिल

63. पहाड़
(A) बालम (B) अनिल
(C) गिरि (D) मरुत

64. _____ प्रकार के व्यंजन होते हैं।
(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच

65. हिन्दी वर्णों में _____ प्रकार है।
(A) सात (B) दो
(C) चार (D) तीन

66. सुंदर शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप _____
(A) सुंदरी (B) सुदूर
(C) सुंदरता (D) कुरूप

67. गरीब शब्द का विलोम रूप _____
(A) वीर (B) रानी
(C) रंक (D) अमीर

68. 'इशारे पर नचाना' मुहावरे का अर्थ _____
(A) बाधा पहुँचाना
(B) स्वार्थ साधना
(C) वश में करना
(D) प्रतीक्षा करना

69. अचरच शब्द का तत्सम शब्द
(A) आरा
(B) अचर्चा
(C) अच्छि
(D) आश्चर्य

70. बेगम शब्द का पुल्लिंग रूप _____
(A) बेगमी
(B) साम्राट
(C) बादशाह
(D) पत्नी

71. जमुना शब्द का तत्सम शब्द
(A) यमुना
(B) जमना
(C) जन्म
(D) नदी

72. आलसी शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप
(A) आलसि
(B) आलस
(C) आलस्य
(D) आलसपन

TEACHERS adda247

73. बाघ शब्द का स्त्रीलिंग रूप है _____ ।

(A) बाघन

(B) बघन

(C) बाघिन

(D) भागिन

74. भूगोल शब्द का विशेषण रूप

(A) भूगोलिक

(B) भौगोलिक

(C) भुगोलिक

(D) भौगोलीक

75. ''गागर में सागर भरना'' यह मुहावरे का अर्थ है।

(A) बीती बाते याद करना

(B) थोडे में अधिक कहना

(C) और परेशान करना

(D) खुशियाँ मनाना

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक भयानक रात थी। मथुरा के सभी निवासी सुख की नींद सो रहे थे। केवल दो राजबन्धी जाग रहे थे – देवकी और वसुदेव। देवकी मथुरा के राजा कंस की बहन थी। वसुदेव उसके पति और कंस के बहनोई थे। कंस अपने पिता उग्रसेन को बंदी बनाकर राजा बन बैठा था। फिर वह देवकी और उसके पति का कब ख्याल करता ? उसके मन में यह भय समा गया था कि देवकी का आठवाँ पुत्र उसके प्राणों का ग्राहक होगा। इसलिए उसने देवकी के सात पुत्रों का वध किया था। अब आठवें की बारी थी।

76. भयानक रात में कौन सुख की नींद सो रहे थे ?

(A) मथुरा के निवासी

(B) राजबन्दी

(C) कंस

(D) देवकी और वसुदेव

77. देवकी कौन थी ?

(A) कंस की बहनोई

(B) कंस की पत्नी

(C) राजबन्दी

(D) कंस की बहन

78. कंस ने देवकी के कितने पुत्रों का वध किया था ?

(A) आठ

(B) सात

(C) छः

(D) पाँच

79. वसुदेव कौन थे ?

(A) कंस के भाई

(B) देवकी के भाई

(C) देवकी के पति

(D) राजबन्दी

80. कंस ने देवकी को बन्दी क्यों बनाया था ?

(A) उग्रसेन को वध करने

(B) वसुदेव का वध करने

(C) देवकी के पुत्रों का वध करने

(D) आठवे पुत्र के वध करने

TEACHERS adda247

v) Test of Language : English
भाषा परीक्षण : अंग्रेजी

Directions : In the following questions from **81** to **84**, sentences are given with blanks to be filled in with an appropriate word. Four alternatives are suggested for each question. Choose the correct alternative.

81. An exhibition _____ the new trends in lighting was held in the capital in Jan. 2013.
(A) for (B) on
(C) of (D) into

82. Many areas of the city were _____ into darkness for several hours.
(A) spread (B) deep
(C) plunged (D) merged

83. In our zeal for progress we should not _____ the executive with more powers.
(A) avoid (B) give
(C) enhance (D) arm

84. No doubt he has achieved much, but I cannot give him credit for all that he boasts _____
(A) of (B) for
(C) to (D) with

85. The word which is opposite in meaning to the word 'gather' is _____
(A) amass (B) distribute
(C) congregate (D) collect

86. The word which is opposite in meaning to the word 'glorify' is _____
(A) praise (B) adore
(C) debase (D) enthrone

87. The word which is most nearly the same to the word 'contagious' is _____
(A) contaminate
(B) infectious
(C) interesting
(D) consumable

88. The word which is most nearly the same to the word "unique" is _____
(A) frequent (B) ordinary
(C) common (D) distinctive

89. Yesterday Rajni _____ school early to receive her parents at the railway station.
(A) went (B) departed
(C) left (D) absented

90. Gowri's heart _____ at the sight of the beautiful jewellery.
(A) leapt (B) stopped
(C) slowed (D) crept

91. The CRPF men swung into action and cordoned _____ the area.
(A) out (B) of
(C) off (D) over

92. Vinay had incurred such heavy debts. that nothing short of a _____ could save him from bankruptcy.
(A) miracle (B) windfall
(C) loan (D) lottery

93. In his address to the teachers, the Vice-Chancellor _____ measures being taken for improving the quality of college education.
(A) deleted (B) adviced
(C) demanded (D) suggested

TEACHERS adda247

Directions : In questions **94** and **95**, groups of four words are given. In each group, one word is mis-spelt. Find the mis-spelt word.

94. (A) ecstacy
(B) extend
(C) excess
(D) exorbitant

95. (A) governance
(B) menace
(C) tendancy
(D) penance

Directions : Read the passage carefully and choose the best answer to each of the questions from **96** to **100** out of the four alternatives given.

Just as some men like to play football or cricket, so some men like to climb mountains. This is often very difficult to do, for mountains are not just big-hills. Paths are usually very steep. Some mountain sides are straight up and down, so that it may take many hours to climb as little as one hundred feet. There is always the danger that you may fall off and be killed or injured. Men talk about conquering a mountain. It is a wonderful feeling to reach the top of a mountain after climbing for hours and may be, even for days. You look down and see the whole country below you. You feel god-like. Two Italian prisoners of war escaped from a prison camp in Kenya during the war. They did not try to get back to their own country, for they knew that was impossible. Instead they climbed to the top of Mount Kenya and then they came down again and gave themselves up. They had wanted to get that feeling of freedom that one has, after climbing a difficult mountain.

96. Some men like to climb mountain because
(A) they do not like to play football or cricket
(B) they knew the trick of climbing
(C) they want to have a wonderful feeling
(D) they like to face danger

97. To climb mountains is often difficult because
(A) mountains are big hills
(B) it consumes more time
(C) prisoners often escape from camps and settle there
(D) paths are steep and uneven

98. "It is a wonderful feeling...." 'It' refers to
(A) The steep path
(B) The prisoner
(C) The mountain
(D) Mountaineering

99. Two Italian prisoners escaped from the camp and climbed to the top of Mount Kenya
(A) to escape to Italy
(B) to come down and give up
(C) to get the feeling of freedom
(D) to gain fame as mountaineers

100. Mountaineering is not a very popular sport like football or cricket because
(A) there are no spectators in this sport
(B) it may take many hours or even days
(C) not many people are prepared to risk their lives
(D) people do not want to enjoy a god-like feeling

SECTION – B
भाग – ब
Post Specific Subject-Related Questions
पोस्ट स्पेसिफिक विषय – संबंधी प्रश्न

101. हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा दी जाने वाली सर्वोच्च उपाधि है।
(A) ज्ञानपीठ
(B) साहित्य रत्न
(C) साहित्य वाचस्पति
(D) पद्म विभूषण

102. जायसी किस शासक के काल में थे ?
(A) शेरशाह
(B) अकबर
(C) शिवाजी
(D) औरंगज़ेब

103. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के बचपन का नाम है।
(A) वैद्यनाथ प्रसाद
(B) वैद्यनाथ दुबे
(C) वैद्यानंद द्विवेदी
(D) वैद्यविनोद द्विवेदी

104. किस रचनाकार को हिन्दी साहित्य का बापू कहा गया है ?
(A) महात्मा गाँधी
(B) सियाराम शरण गुप्त
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) मैथिली शरण गुप्त

105. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' – यह किसकी आत्मकथन कृति है ?
(A) अज्ञेय
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) हरिवंशराय बच्चन
(D) जयशंकर प्रसाद

106. 'अनुकरण सिद्धान्त' किस पश्चिमी समीक्षक का सिद्धान्त है ?
(A) अरस्तू
(B) प्लेटो
(C) कार्ल मार्क्स
(D) लोंजाइनस

107. 'आलोचना' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है ?
(A) लखनौ
(B) दिल्ली
(C) मिर्जापुर
(D) मुंबई

TEACHERS adda247

108. पं. जवाहरलाल नेहरु किस दैनिक पत्र के संस्थापक तथा निदेशक मंडल के अध्यक्ष थे ?

(A) नेशनल हेराल्ड
(B) दैनिक भास्कर
(C) हिन्दुस्तान टाइम्स
(D) डेक्कन हेराल्ड

109. प्रेमचंद ने सन् 1930 में किस पत्रिका का आरंभ किया था ?

(A) सरस्वती
(B) धर्मयुग
(C) हंस
(D) सारिका

110. 'महाप्राण' विशेषण किस कवि को प्रदान किया गया है ?

(A) जैनेंद्र
(B) प्रसाद
(C) महादेवी वर्मा
(D) निराला

111. इनमें से एक धूमिल की रचना नहीं है ।

(A) कल सुनना मुझे
(B) भूरी-भूरी खाक धूल
(C) सुदामा पांडे का प्रजातंत्र
(D) संसद से सड़क तक

112. 'रानी केतकी की कहानी' का लेखक है।

(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) इंशा अल्ला खाँ
(C) लाला श्रीनिवास दास
(D) रामवृक्ष बेनीपुरी

113. राजभाषा अधिनियम को कब पारित किया गया था ?

(A) 1963
(B) 1967
(C) 1949
(D) 1945

114. 'विश्व इतिहास की झलक' – यह किसकी रचना है ?

(A) मोहनदास करमचंद गाँधी
(B) मदन मोहन मालविया
(C) पं. जवाहरलाल नेहरु
(D) दीनदयाल उपाध्याय

115. खड़ीबोली का सर्व प्रथम प्रयोग किसने किया ?

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध
(B) अमीर खुसरो
(C) स्वामी प्राणनाथ
(D) रसिक राज

116. 'दुलाई वाली' किसकी कहानी है ?

(A) रविंद्रनाथ टागोर

(B) बीकाजी कामा

(C) बंग महिला

(D) सरोजिनी नायडू

117. 'हिन्दी' शब्द के वास्तविक सूत्रधार कौन थे ?

(A) फारस के मुसलमान

(B) सिन्धु घाटी के लोग

(C) हिन्दुस्तानी समुदाय के लोग

(D) हैदराबाद के मुसलमान

118. प्रख्यात लेखक व आलोचक डॉ. नगेंद्र लंबे अरसे तक किस विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष रहे ?

(A) आग्रा

(B) बनारस

(C) लखनौ

(D) दिल्ली

119. 'काव्य प्रकाश' किसकी रचना है ?

(A) मम्मट

(B) भट्ट लोल्लट

(C) बाण भट्ट

(D) भरत मुनि

120. 'बघेली' यह किस हिन्दी की बोली है ?

(A) खड़ीबोली

(B) दक्खिनी हिन्दी

(C) पूर्वी हिन्दी

(D) पश्चिमी हिन्दी

121. भाषा समाज निरपेक्ष होती है – यह कथन

(A) असत्य है

(B) सत्य है

(C) असत्य हो सकता है

(D) सत्य भी हो सकता है

122. देवनागरी लिपि को राष्ट्रलिपि के रूप में कब स्वीकार किया गया ?

(A) 1945

(B) 1949

(C) 1960

(D) 1950

123. 'अवहट्ठ' का तात्पर्य क्या है ?

(A) परिनिष्ठित अपभ्रंश

(B) अवधी

(C) सधुक्कड़ी

(D) ब्रज

TEACHERS adda247

124. 'इंदुमती' के रचनाकार हैं।
(A) उदयशंकर भट्ट
(B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(C) किशोरीलाल गोस्वामी
(D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

125. विद्यापति की भाषा
(A) छत्तीसगढ़ी
(B) भोजपुरी
(C) प्राकृत
(D) मैथिली

126. लिपि का सर्व प्रथम उल्लेख किसमें मिलता है ?
(A) अष्टाध्यायी
(B) कामसूत्र
(C) नाट्यशास्त्र
(D) साहित्य दर्पण

127. 'रानी केतकी की कहानी' की भाषा
(A) दक्खिनी हिन्दी
(B) हिन्दुस्तानी
(C) कनौजी
(D) बघेली

128. इनमें से एक द्राविड़ परिवार की भाषा नहीं है।
(A) एस्तोनी
(B) कन्नड़
(C) बाहुई
(D) तमिल

129. हिन्दी में सीधे संस्कृत से आये हुए शब्दों को कहते हैं।
(A) तद्भव
(B) देशज
(C) विदेशी
(D) तत्सम

130. भारत के लिए 'इण्डिया' शब्द किसके द्वारा दिया गया ?
(A) अंग्रेजों द्वारा
(B) ग्रीक निवासियों द्वारा
(C) दक्षिण भारतियों द्वारा
(D) फ्रांसीसियों द्वारा

131. 'माधवी' किस भाषा का वैकल्पिक नाम है ?
(A) पाली
(B) प्राकृत
(C) अपभ्रंश
(D) अवधी

132. हिन्दी का सर्व प्रथम प्रकाशित पत्रिका है
(A) जागृत भारत
(B) उदन्त मार्तण्ड
(C) जनवाणी
(D) उदीयमान भारती

TEACHERS adda247

133. ''गा कोकिल बरसा पावक कण'' - यह पंक्ति किनकी है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) महादेवी वर्मा

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

134. कबीरदास के गुरु हैं

(A) चैतन्य

(B) वल्लभाचार्य

(C) रैदास

(D) स्वामी रामानंद

135. 'बीजक' नामक ग्रंथ के संपादक थे

(A) कबीरदास

(B) धर्मदास

(C) सूरदास

(D) मलूकदास

136. कौनसा शासक दादू के उपदेशों से अत्यधिक प्रभावित था ?

(A) अकबर

(B) बाबर

(C) शाहजहान

(D) जहाँगीर

137. निम्नलिखित में से कौन संत कवि नहीं है ?

(A) सुंदरदास

(B) धरमदास

(C) नरोत्तमदास

(D) दादू

138. सूफी काव्य परंपरा का सर्व प्रथम ग्रंथ है।

(A) साहित्य लहरी

(B) पद्मावत

(C) मधुमालती

(D) गुलसने इश्क

139. अष्ट छाप की रचना किसके द्वारा हुई ?

(A) विट्ठलदास

(B) सूरदास

(C) नरोत्तमदास

(D) नंददास

140. कृष्ण काव्य-धारा के प्रवर्तक हैं।

(A) सूरदास

(B) जयदेव

(C) मलूकदास

(D) चैतन्य

141. तुलसीदास की मृत्यु-तिथी है

(A) संवत् 1581

(B) संवत् 1680

(C) संवत् 1685

(D) संवत् 1448

TEACHERS adda247

142. केशवदास को 'कठिण काव्य का प्रेत' किस आलोचक ने कहा ?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(D) डॉ. इंद्रनाथ मदान

143. 'बिहारी सतसई' में कुल दोहा-संख्या कितनी है ?

(A) 700

(B) 750

(C) 710

(D) 726

144. इनमें से कौनसी कृति सूरदास की नहीं है ?

(A) गंगा लहरी

(B) साहित्य लहरी

(C) सूर सागर

(D) सूर सारावली

145. इनमें से एक रामधारी सिंह दिनकर की रचना नहीं है ?

(A) कुरुक्षेत्र

(B) करुणालय

(C) परशुराम की प्रतीक्षा

(D) सामधेनी

146. प्रेमचंद के अपूर्ण उपन्यास का नाम क्या है ?

(A) गबन

(B) प्रेमाश्रम

(C) मंगलसूत्र

(D) निर्मला

147. 'भारत-दुर्दशा' के लेखक हैं।

(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(B) उदयशंकर भट्ट

(C) बाल मुकुंद गुप्त

(D) प्रताप नारायण मिश्र

148. इनमें से कौन ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता नहीं है ?

(A) निर्मल वर्मा

(B) नरेश मेहता

(C) राजेन्द्र यादव

(D) रामधारी सिंह दिनकर

149. इनमें से किन्हें राष्ट्रकवि कहते हैं ?

(A) सियाराम शरण गुप्त

(B) मैथिली शरण गुप्त

(C) माखनलाल चतुर्वेदी

(D) सुभद्राकुमारी चौहान

150. 'एक भारतीय आत्मा' कहकर किन्हें पुकारा जाता है ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) सुभद्राकुमारी चौहान

(C) श्याम नारायण पाँडेय

(D) प्रताप नारायण मिश्र

TEACHERS adda247

151. कौन 'प्रकृति' का कवि कहलाता है ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

152. भारत में प्रयोगवाद के उदय का मूल कारण है

(A) द्वितीय महायुद्ध

(B) प्रथम महायुद्ध

(C) बढ़ता हुआ पूँजीवाद

(D) गाँवों का सर्वनाश

153. इनमें से कौनसा कवि 'तीसरा सप्तक' में शामिल नहीं है ?

(A) केदारनाथ सिंह

(B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(C) मुक्तिबोध

(D) कुँवर नारायण

154. देवकीनंदन खत्री द्वारा लिखित 'चंद्रकांता' किस प्रकार का उपन्यास है ?

(A) राजनीतिक

(B) तिलिस्मी

(C) पौराणिक

(D) सामाजिक

155. नाटक को पंचम वेद किसने कहा ?

(A) भरत मुनि

(B) मोहन राकेश

(C) जगदीशचंद्र माथुर

(D) वियोगी हरि

156. इनमें से एक कृष्णा सोबती की कृति नहीं है ।

(A) मित्रो मरजानी

(B) यारों का यार

(C) जिंदगीनामा

(D) इदं न मम

157. हिन्दी गद्य के जनक हैं।

(A) लाला श्रीनिवास दास

(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) बद्रीनारायण चौधरी

(D) बालकृष्ण भट्ट

158. इनमें से एक आत्मकथा नहीं है ।

(A) जिंदगी कोई सौदा नहीं

(B) जिंदगी नामा

(C) हमजात

(D) गालिब घुटी शराब

TEACHERS adda247

159. 'कादंबिनी' पत्रिका के संपादक हैं ।

(A) राजेन्द्र अवस्थी

(B) राजेन्द्र यादव

(C) राम विलास शर्मा

(D) कमला प्रसाद

160. नारी जागरण पर लिखी महादेवी वर्मा की किताब है

(A) अतीत के चलचित्र

(B) श्रृँखला की कड़ियाँ

(C) बदरीनाथ की यात्रा

(D) यामा

161. रिपोर्ताज–किस भाषा का शब्द है ?

(A) फ्रांसीसी

(B) अंग्रेजी

(C) पुर्तुगाली

(D) बंगाली

162. अतायो घुमक्कड़ जिज्ञासा–यह किसकी रचना है ?

(A) अज्ञेय

(B) राहुल सांकृत्यायन

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी

(D) गोविंद मिश्र

163. 'कबिरा खड़ा बज़ार में' – यह किनका नाटक है ?

(A) मोहन राकेश

(B) बलराज साहनी

(C) भीष्म साहनी

(D) ममता कालिया

164. मोहन राकेश की इन कृतियों में एक नाटक नहीं है ।

(A) अंधेरे बंद कमरे

(B) आधे अधूरे

(C) आषाढ़ का एक दिन

(D) लहरों का राजहंस

165. निम्नलिखित में से कौनसा वृन्दावन लाल वर्मा कृत नहीं है ?

(A) मृगनयनी

(B) प्रभावती

(C) गढ़ कुण्ढार

(D) कपाल कुण्डला

166. आवारा मसीह यह किनकी जीवनी पर आधारित है ?

(A) शरतचंद्र चट्टोपाध्याय

(B) तुलसीदास

(C) रविन्द्रनाथ टागोर

(D) रामप्रसाद बिस्मिल्ला

167. कलभ _____

(A) गधे का बच्चा है

(B) ऊँट का बच्चा है

(C) हाथी का बच्चा है

(D) कोयल का बच्चा है

TEACHERS adda247

168. गधा _____

(A) रेंकता है

(B) चिचियाता है

(C) किकियाता है

(D) घुरघुराता है

169. भेड़ों का _____

(A) झुण्ड

(B) गल्ला

(C) जत्था

(D) क़ाफ़िला

170. इनमें से एक सरस्वती का नाम नहीं है।

(A) रमा

(B) भारती

(C) महाश्वेता

(D) वीणाधरी

171. राजभाषा अधिनियम के अंतर्गत कर्नाटक किस क्षेत्र में आता है ?

(A) क क्षेत्र

(B) ख क्षेत्र

(C) ग क्षेत्र

(D) घ क्षेत्र

172. सफल अध्यापक के लक्षण क्या हैं ?

(A) तत्परता और जिज्ञासा

(B) वेतन हिसाबी

(C) छात्रों को यथा योग्य गृहकार्य देना

(D) इनमें से कोई भी नहीं

173. हिन्दी को _____ लिपि में लिखा जाता है

(A) खरोष्टी

(B) देवनागरी

(C) अर्धमागधी

(D) पाली

174. त्रिभाषा सूत्र में पहला स्थान किसको है ?

(A) अंग्रेजी

(B) राष्ट्रभाषा

(C) मातृभाषा

(D) क्षेत्रीय भाषा

175. किसको पंचमवेद कहा गया है ?

(A) नाटक

(B) महाकाव्य

(C) अमर चित्र कथा

(D) महाभारत – रामायण

TEACHERS adda247

176. स्पष्ट मौखिक वाचन के लिए क्या जरूरी है ?

(A) व्याकरण

(B) भाषा पांडित्य

(C) भाषा ज्ञान

(D) उच्चारण

177. पण्डित की उपाधि किस शिक्षक के लिए है ?

(A) गणित

(B) हिन्दी

(C) दैहिक

(D) अंग्रेजी

178. हिन्दी की मूल भाषा है _____

(A) पारसी

(B) संस्कृत

(C) उर्दू

(D) पंजाबी

179. हिन्दी से साम्य रखने वाली भाषा है _____

(A) संस्कृत

(B) मराठी

(C) उर्दू

(D) उपरोक्त सभी

180. एक आदर्श शिक्षक का गुण है _____

(A) छात्रों को मार-पीट कर समझाना

(B) छात्रों को प्यार से समझाना

(C) छात्रों को खूब गृहकार्य देकर समझाना

(D) छात्रों को उनके हाल पर छोड़ देना

181. केन्द्रीय हिन्दी संस्थान किस जगह पर है ?

(A) मुंबई

(B) चेन्नई

(C) आगरा

(D) नई दिल्ली

182. "समाज में अध्यापक का स्थान सशक्त एवं महत्त्वपूर्ण है।" - यह किनका कथन है ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) सदाशिव कार्नाड

(D) सर्वपल्ली राधाकृष्णन्

183. भाषा शिक्षकों की स्थिति को सुधारने के लिए गठित आयोग कौनसा है ?

(A) प्राथमिक शिक्षा आयोग

(B) माध्यमिक शिक्षा आयोग

(C) उच्चतर शिक्षा आयोग

(D) तकनीकी शिक्षा आयोग

184. ''जो पढ़ाने का ढंग जानता है, वही शिक्षा का रहस्य जानता है ।'' – यह किनकी उक्ति है ?

(A) अब्राहम लिंकन
(B) जॉन स्टूवर्ट
(C) जॉन लॉक
(D) डॉ. यशपाल जैन

185. कौनसी भाषा देश की संपर्क भाषा है ?

(A) अंग्रेजी
(B) हिन्दी
(C) बंगाली
(D) तमिल और कन्नड़

186. ''.... एक दीपक तब तक दूसरे दीपक को प्रज्वलित नहीं कर सकता, जब तक वह स्वयं न जलता रहे ।'' – यह किनके विचार हैं ?

(A) गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(B) महात्मा गाँधी
(C) सर एम् . विश्वेश्वरय्या
(D) लार्ड मेकाले

187. भाषा–शिक्षकों के लिए भाषा ही उनकी _____ है ।

(A) कुंजी
(B) पूँजी
(C) भण्डार–सामग्री
(D) कल्पवृक्ष की फलिया

188. ''निज भाषा उन्नति है सब उन्नति को मूल'' – इस कथन को किसने कहा है ?

(A) स्वामी विवेकानंद
(B) स्वामी दयानंद सरस्वती
(C) ज्योतिबा फुले
(D) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

189. जन साधारण को उनकी निजी भाषा में शिक्षा दो – ऐसा किसने कहा था ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(B) सर्व शिक्षा अभियान
(C) माध्यमिक परीक्षा बोर्ड
(D) स्वामी विवेकानंद

190. एक आदर्श शिक्षक में सभी गुण होना चाहि अतिरिक्त इसके _____

(A) व्यक्तित्व
(B) दिखावा
(C) शारीरिक स्वास्थ्य
(D) प्रशिक्षण

191. प्रशिक्षण शिक्षक के लिए _____

(A) अनिवार्य है
(B) अनिवार्य नहीं है
(C) लिया भी जा सकता है
(D) नहीं भी लिया जा सकता है

TEACHERS adda247

192. भाषा _____ का माध्यम है ।

(A) व्याकरण
(B) अभिव्यक्ति
(C) मन: परिवर्तन
(D) परीक्षा

193. प्राक्कल्पना का अर्थ है _____

(A) कल्पना
(B) विकल्पना
(C) परिकल्पना
(D) जिज्ञासा

194. अनुसंधान के लिए _____ पर्याय नहीं है ।

(A) गवेषण
(B) शोध
(C) उपलभ्य
(D) खोज

195. गुरु गुड़ ही रहा चेला शक्कर हो गया ।

(A) समास
(B) संधि
(C) मुहावरा
(D) लोकोक्ति

196. करत-करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान – यह उक्ति किसकी है ?

(A) कबीर
(B) सूरदास
(C) रहीम
(D) वृंद

197. देश निकाला – यह समास है _____

(A) द्वन्द्व
(B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि
(D) कर्मधारय

198. हाथी का स्त्रीलिंग रूप है _____

(A) हस्तिनी
(B) हाथिनी
(C) हथिनी
(D) मादा हाथी

199. अवलोकनों को उत्पन्न करने वाले क्रिया समूह को _____ कहते हैं ।

(A) प्रयोग
(B) निरीक्षण
(C) परीक्षण
(D) प्रात्यक्षिका

200. सत्य और विश्वास की अतिव्याप्ति को _____ कहते हैं ।

(A) भगवान
(B) ज्ञान
(C) अंधविश्वास
(D) विज्ञान

TEACHERS adda247

IMPORTANT INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

उम्मीदवारों के लिए महत्त्वपूर्ण अनुदेश

11. This booklet contains **32** pages.
12. Please check all the pages of the Booklet carefully. In case of any defect, please ask the Invigilator for replacement of the Booklet.
13. **Directions** : Each question or incomplete statement is followed by four alternative suggested answers or completions. In each case, you are required to select the one that correctly answers the question or completes the statement and blacken (●) appropriate circle A, B, C or D by Blue/Black Ball-Point Pen against the question concerned in the Answer-Sheet. **(For V.H. candidates corresponding circle will be blackened by the scribe)**
14. Mark your answer by shading the appropriate circle against each question. The circle should be shaded completely without leaving any space. The correct method of shading is given below.

Wrong Method	Wrong Method	Wrong Method	Correct Method
○ ⊗ ○ ○	○ ⊘ ○ ○	○ ◉ ○ ○	○ ● ○ ○

The Candidate must mark his/her response after careful consideration.

15. There is only one correct answer to each question. You should blacken (●) the circle of the appropriate column, viz., A, B, C or D. If you blacken (●) more than one circle against any one question, the answer will be treated as wrong. If you wish to cancel any answer, you should completely erase that black mark in the circle in the Answer-Sheet and then blacken the circle of revised response.
16. A machine will read the coded information in the OMR Answer-Sheet. In case the information is incomplete/different from the information given in the application form, the candidature of such candidate will be treated as cancelled.
17. Use the space for rough work given in the Question Booklet only and not on the Answer-Sheet.
18. **You are NOT required to mark your answers in this Booklet. All answers must be indicated in the Answer-Sheet only.**

11. इस पुस्तिका में **32** पेज है ।
12. इस पुस्तिका के सभी पृष्ठों का ध्यानपूर्वक निरीक्षण करें । यदि कोई दोष है, तो निरीक्षक को उसे बदलने के लिए कहें ।
13. **निर्देश** : प्रत्येक प्रश्न अथवा प्रत्येक अधूरे कथन के बाद चार उत्तर अथवा पूरक कथन सुझाये गये हैं । प्रत्येक दशा में आपको किसी एक को चुनना है जो प्रश्न का सही उत्तर दें अथवा कथन को पूरा करें और आपको उत्तर-पत्रिका में उपयुक्त गोलाकार खाने A, B, C या D को नीला या काला बॉल-पॉइन्ट पेन से काला (●) करना है । **(दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए संगत गोलाकार लिपिक द्वारा काला किया जाए)**
14. प्रत्येक प्रश्न के सामने उचित वृत्त का चिन्हांकन करके अपना उत्तर लिखें । वृत्त को बिना कोई स्थान छोड़े चिन्हांकित करें । चिन्हांकित करने का सही तरीका नीचे दिया गया है ।

गलत तरीका	गलत तरीका	गलत तरीका	सही तरीका
○ ⊗ ○ ○	○ ⊘ ○ ○	○ ◉ ○ ○	○ ● ○ ○

अभ्यर्थी को अपना उत्तर ध्यानपूर्वक सोच विचार के उपरान्त चिन्हित करना चाहिए ।

15. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर है । आपको समुचित कॉलम अर्थात् A, B, C या D के गोलाकार खाने को काला (●) करना है । यदि आप किसी प्रश्न के सामने एक से अधिक गोलाकार खाने को भरेंगे (●) तो आपका उत्तर ग़लत माना जायेगा । यदि आप किसी उत्तर को रद्द करना चाहते हैं तो आप उत्तर-पुस्तिका के उस गोलाकार खाने से काले निशान को पूरी तरह से मिटा दें और तब बदले हुए उत्तर के लिए गोलाकार खाने को काला कर दें ।
16. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में भरी गई कूट सूचना को एक मशीन पढ़ेगी । यदि सूचना अपूर्ण है अथवा आवेदन पत्र में दी गई सूचना से भिन्न है, तो ऐसे अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त समझी जायेगी ।
17. कच्चे कार्य के लिए केवल प्रश्न पत्र में दिए गये स्थान का प्रयोग करें । उत्तर-पुस्तिका पर कच्चा कार्य न करें ।
18. **इस पुस्तिका के अन्दर आपको उत्तर अंकित नहीं करने हैं । उत्तर केवल उत्तर-पत्रिका में ही दें ।**

SEAL

SEAL

TEACHERS adda247

Go through instructions given in Page No. 1 (Facing Page)